**फा.सं.25-I(02)/2021-एएचडी/एआर**

**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

**(एआर अनुभाग)**

*****

कृषि भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 23 जुलाई, 2021

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संबंध में जून, 2021 का मासिक सारांश।**

अधोहस्ताक्षरी को पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा जून, 2021 माह में किए गए प्रमुख क्रियाकलापों, लिए गए निर्णयों तथा मंत्रिमंडल/मंत्रिमंडल समितियों द्वारा लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की प्रगति से संबंधित मासिक सारांश सूचनार्थ इसके साथ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

संलग्नक: यथोक्त

सर्बेस्वर माझी

(सर्बेस्वर माझी)

उप सचिव (जीसी/पीसी)

फोन: 23388534

सेवा में,

मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
2. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली ।
4. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
5. सचिव, मत्स्यपालन विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
6. सचिव, कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
7. सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
8. सचिव, पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली।
9. सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, जीवन दीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली।
10. सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली।

11. सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
12. सचिव, व्यय विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
13. सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
14. सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
15. सचिव, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली।
16. सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली।
17. सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली।
18. सलाहकार, कृषि, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली।
19. संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1) माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2) सभी माननीय राज्य मंत्रियों के निजी सचिव (डीएएचडी)
3) एएस और एफए के प्रधान निजी सचिव
4) पशुपालन आयुक्त के प्रधान निजी सचिव
5) डीएएचडी के सभी संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6) तकनीकी निदेशक, एनआईसी, डीएएचडी को संलग्न दस्तावेजों को विभागीय वेबसाइट में अपलोड करने के लिए।

**जून, 2021 माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां।**

1. **गोपशु और डेयरी विकासः**

    i. डेयरी अवसंरचना विकास निधि(डीआईडीएफ) योजना की प्रगति की समीक्षा करने के लिए और उसके सुचारू कार्यान्वयन के लिए कुछ निर्णय लेने के लिए एनडीडीबी और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के अधिकारियों के साथ 11.06.2021 को 7वीं केंद्रीय परियोजना संचालन समिति (सीपीएस) की बैठक आयोजित की गई थी।

    ii. प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवाईएम) के तहत डेयरी किसानों के लिए पेंशन योजना के जल्द शुभारंभ के संबंध में विवरणों को अंतिम रूप देने के लिए सचिव (श्रम और रोजगार) के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी।

    iii. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई), भारत सरकार के सहयोग से विभाग द्वारा 16.06.2021 और 17.06.2021 को एमओएफपीआई की पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इंटरप्राइजेज स्कीम (पीएम-एफएमई) के संबंध में देश भर में पशुपालन और डेयरी क्षेत्र के हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए एक वेबिनार का आयोजन किया गया।

2. **पशुधन स्वास्थ्यः**

    i. केरल, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ पंजाब, जम्मू और कश्मीर और उत्तर प्रदेश राज्य में कुक्कुट/बत्तखों में एवियन इंफ्लूएंजा (H5 और H5N8) के प्रकोप की पुष्टि हुई थी। हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, दिल्ली उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर, बिहार और पंजाब राज्य में भी कौवों/प्रवासी पक्षियों में एवियन इंफ्लुएंजा की भी पुष्टि हुई थी। इन राज्यों से एवियन इंफ्लूएंजा की रोकथाम, नियंत्रण और निवारण पर कार्य योजना के अनुसार उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। प्रभावित राज्यों के लिए पोस्ट ऑपरेशन निगरानी योजना (पीओएसपी) दिशानिर्देश जारी किए गए। कार्य योजना के अनुसार स्वच्छता और पक्षियों के वध की प्रकिया जारी है।

    इस संबंध में ये राज्य एवियन इंफ्लूएंजा 2021 की रोकथाम, नियंत्रण और निवारण के लिए संशोधित कार्य योजना के आधार पर उनके द्वारा अपनाए गए नियंत्रण उपायों के संबंध में विभाग को दैनिक आधार पर रिपोर्टिंग कर रहे हैं। विभाग ट्विटर, फेसबुक आदि जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से एवियन इंफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

    ii. उत्तर प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश राज्यों में ग्लेंडर्स की घटना की पुष्टि होने पर, विभाग ने राज्यों को जू स्वच्छता उपायों को अपनाने, रोग को आगे फैलने से रोकने के लिए घोडों के संक्रमित क्षेत्र से आने और जाने पर निगरानी रखने/प्रतिबंध लगाने के लिए संसूचित किया है।

    iii. विभाग ने वन हेल्थ और एएमआर के संबंध में होने वाली कृषि संबंधी भारत-डच संयुक्त कार्यसमूह (जेडब्ल्यूजी) की छठी बैठक के लिए एक अधिकारी नामित किया।

iv. विभाग ने जून, 2021 के दौरान ओआईई वर्चुअल उप क्षेत्रिय बैठक: ''एशिया और प्रशांत में वन्यजीव स्वास्थ्य नेटवर्क'' दक्षिण एशिया, के लिए अधिकारियों को नामित किया।

v. विभाग के एलएच डिवीजन के एक अधिकारी ने कृषि और मृदा (एससी-एएंडएस) (अंतरिक्ष-अनुप्रयोग प्रबंधन प्रणाली के तहत) संबंधी स्थायी समिति की पहली बैठक में भाग लिया)।

vi. जून, 2021 के दौरान एफएमडी के लिए 0.36 करोड़ पशुओं की ईयर-टैगिंग की गई थी।

**3. राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम)**

i. वर्ष 2020-21 के लिए केंद्रीय सेक्टर की योजना ''पशुपालन अवसंरचना विकास निधि'' (एएचआईडीएफ) के तहत क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर एनिमल हसबैंडरी एंड डेयरी (सीजीएफटीएएचडी) को 59.00 करोड रूपए जारी किए गए थे।

ii. पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ) के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) तैयार की गईं और एएचआईडीएफ की वेबसाइट पर "ahidf.udyamimitra.in" अपलोड की गयी।

iii. 11.06.2021 को तमिलनाडु राज्य के संभावित लाभार्थियों के लिए दो वेबिनार आयोजित किए गए जहां पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ) के तहत एफपीओ, एमएसएमई और पात्र लाभार्थी उपस्थित थे। पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ) की प्रगति की समीक्षा के लिए सचिव की मेरी अध्यक्षता में वित्तीय सेवा विभाग और बैंकर्स समूह के साथ बैठक की गयी।

iv. माननीय मंत्री, एफएएचडी की अध्यक्षता में 21.06.2021 को आत्मनिर्भर गोशालाओं पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया।

**4. क्रेडिट, विस्तार और प्रचार (सीईपी)**

विभाग ने 1 जून, 2021 को ''विश्व दुग्ध दिवस'' मनाने के लिए एक वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया। वर्चुअल कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री द्वारा किया गया। माननीय मंत्री महोदय ने वर्ष 2020-21 के लिए ''गोपाल रत्न पुरस्कार'' के लिए नामांकन मंगवाने और उमंग के साथ ई-गोपाला एप के एकीकरण की घोषणा की। इस कार्यक्रम के दौरान ''आनुवंशिक उन्नयन कार्यक्रम में नस्ल सुधार प्रौद्योगिकियों की भूमिका'' पर एक तकनीकी सत्र भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आईसीएआर, राज्य और केंद्रीय संस्थानों से जुड़े फील्ड स्टाफ और डेयरी किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसे फेसबुक के माध्यम से लाइव स्ट्रीम किया गया।

**5.** राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अगले 5 वर्षों के लिए कार्य योजना आगे के रास्ते के बारे में अवगत कराने और विभाग की चल रही योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लेने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रधान सचिवों/सचिवों/निदेशकों/नोडल योजनाओं के अधिकारियों के साथ सचिव की अध्यक्षता में 08.06.2021 से 10.06.2021 के दौरान वर्चुअल क्षेत्रीय समीक्षा बैठकें आयोजित की गयीं।

6. <u>बजटः</u>

वर्ष 2021-22 के लिए जून, 2021 तक, 3599.98 करोड़ रुपए के बजट अनुमान(बीई) की तुलना में व्यय 376.03 करोड़ रुपए था। जून, 2021 माह के दौरान विभाग का व्यय 284.76 करोड़ रुपए था।

7. <u>सोशल मीडिया के कार्यकलापः</u>

माह के दौरान, विभाग के ट्विटर पेज पर 46,391 फॉलोवर्स थे। सोशल मीडिया कार्यकलापों के तहत 177 रचनात्मक पोस्ट बनाए गए, 286 ट्वीट, 1728 री-ट्वीट किए गए, 9 वीडियो और जीआईएफ बनाए गए। विभाग की फेसबुक पर 1,23,876 फॉलोवर्स थे। विभाग के कू एकाउंट पर 28,692 फॉलोवर्स हैं। विभाग ने इंस्टाग्राम पर अकाउंट खोला है।

************